भारत निर्वाचन आयोग के जिंगल द्वारा मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा, पीढ़ी को समझा रहे वोट की ताकत

लोकतंत्र को बनाएं सशक्त, अपने मत का करें प्रयोग : डीएम

नवादा | **हिन्दुस्तान संवाददाता**

जागरूक

- स्वीप के तहत घूमेगा प्रचार रथ, वोटरों को करेगा जागरूक
- महिला, दिव्यांग और बूढ़े-बुजुर्गों को मतदान पर रहेगा जोर

विधानसभा चुनावों में वोट करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाएं। प्रभारी डीएम वैभव चौधरी और एसपी हरिप्रसाथ एस ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिले को मतदाताओं को यह संदेश दिया। कहा कि महिला, दिव्यांग और बुजुर्ग बढ़-चढ़कर चुनाव में मतदान करने को आगे आएं और युवा पीढ़ी को भी वोट की ताकत का एहसास कराएं। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2020 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रथ सदर और रजौली अनुमंडल के प्रखंडों में प्रचार-प्रसार करके मतदाताओं को जागरूक करेगा। भारत निर्वाचन आयोग के जिंगल द्वारा नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

कोविड-19 से बचाव को भी कर रहे जागरूक: वैश्विक महामारी कोविड-19 से बचाव के लिए भी नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। जिला निर्वाचन के आईकॉन राहुल वर्मा ने कहा कि जिले के कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे, कहा कि निर्वाचन आयोग के मोबाईल एप से मतदाताओं को पंजीकृत किया जा रहा है, छूटे लोग अभी भी वोटर कार्ड बना सकते हैं। मौके पर रहे पीडब्लूडीएस जिला आईकॉन विनय कुमार सिन्हा ने दिव्यांगों को विधानसभा चुनाव में मतदान करने को प्रेरित किया। कहा कि कोरोना से बचाव को लेकर मास्क का उपयोग एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी संतोष कुमार झा, सदर एसडीओ उमेश कुमार भारती, डीपीआरओ गुप्तेश्वर कुमार, नेहरू युवा केन्द्र की निदेशक ईशा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्रभारी डीएम, एसपी व अन्य।